इंदौर | सोमवार | 4 अगस्त 2025 | वर्ष 65 | अंक 181 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत


राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


6 नॉनवेज कैसे हो गया अमेरिकी दूध!


5 चिदंबरम के निशाने पर चुनाव आयोग



8 धोनी खेलेंगे आईपीएल 2025


7 सेमीकंडक्टर मिशन से भारत बनेगा आत्मनिर्भर

# हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत

**15** लोग सवार थे बोलेरो में | **09** लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं | **05** –05 लाख की आर्थिक सहायता मृतकोंह्य के परिजनों को

**गोंडा, 3 अगस्त. उत्तर प्रदेश के गोंडा जनपद में रविवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी एक बोलेरो वाहन के नहर में गिरने से 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. सूत्रों के अनुसार मरने वालों में नौ लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं, जिससे पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है.**

यह दर्दनाक हादसा इटियाथोक क्षेत्र के बेलवा बहुता नहर पुल पर उस समय हुआ, जब श्रद्धालु बोलेरो में सवार होकर पृथ्वीनाथ मंदिर जलाभिषेक के लिए रवाना हुए थे. हादसे के समय हल्की बारिश हो रही थी, जिससे सड़क फिसलन भरी हो गई थी. बताया गया कि सड़क बेहद संकरी थी और गाड़ी को पार कराते समय वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरा.

बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे. वाहन के नहर में गिरते ही पानी में डूबने से अधिकांश यात्रियों को



निकलने का मौका नहीं मिला. स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी. कुछ ही देर में प्रशासन, पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गईं. 11 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि बचे हुए लोगों का ईलाज कराया जा रहा है. जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया. डीएम ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. सीएम योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, जनपद गोण्डा में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. इस दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों को 05-05 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा घायलों को अस्पताल में समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं.

### मुर्मु ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की.

### पीएम कोष से 2-2 लाख

मोदी ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,उत्तर प्रदेश के गोंडा में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दु:खी हूँ. इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी. घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएँगे .

## कठुआ में कार खाई में गिरने से दो की मौत

जम्मू, 03 अगस्त. जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में लखनपुर-बशोली मार्ग पर आज एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये. पुलिस सूत्रों ने बताया कि लखनपुर-बसोली के बसंतपुर इलाके में कैंता मोड़ पर बशोली की ओर जा रही पंजाब रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक कार खाई में गिर गयी. इस हादसे में पंजाब के फिरोजपुर शहर के सर्कुलर रोड निवासी पवन कुमार और लुधियाना के जीवन नगर स्थित ताजपुर निवासी मोहिंदर पाल बजाज की मौत हो गयी. सूत्रों ने बताया कि चार घायलों पंजाब निवासी अनिल मोंगा, उदिक चंद, सनी अरोड़ा और सुधीर कुमार को इलाज के लिए जीएमसी कठुआ ले जाया गया, जहां से बाद में उन्हें अमृतसर रेफर कर दिया गया.



## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की. राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की गईं, जिसमें दोनों राष्ट्र प्रमुखों को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में चर्चा करते देखा जा सकता है. हालांकि, इस बैठक में हुई बातचीत के विषयों का औपचारिक खुलासा नहीं किया गया है.**

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब देश में उपराष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि मतदान 9 सितंबर को होगा. नामांकन प्रक्रिया 7 अगस्त से प्रारंभ होकर 21 अगस्त तक चलेगी, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को होगी. ज्ञात हो कि इससे पूर्व 16 जुलाई को मानसून सत्र की शुरुआत से पहले तथा 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से भेंट कर चुके हैं. राष्ट्रपति भवन में ये नियमित मुलाकातें सरकार और राष्ट्र प्रमुख के बीच विचार-विमर्श एवं राष्ट्रीय हित से जुड़े विषयों की समीक्षा के लिए अहम मानी जाती हैं.

## एक नजर में



### बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर सख्त प्रतिबंध

**लखनऊ.** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ड्रोन देखे जाने की अफवाहों से उत्पन्न दहशत को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी के साथ उच्चस्तरीय बैठक की. बैठक के बाद सीएम ने निर्देश दिए कि ड्रोन से डर या अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तकनीक का दुरुपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### 10वीं शताब्दी का शिवलिंग खुदाई में मिला

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में बारामूला स्थित सेना शिविर के पास झेलम नदी से लगभग 10वीं शताब्दी ईस्वी पूर्व का एक अद्भुत शिवलिंग मिला है जिसे देखने के लिए स्थानीय लोगों में होर सी लगी हुयी है. यह शिवलिंग 137 सेमी लंबा और 160 सेमी चौड़ा है. लगभग 10वीं शताब्दी ईस्वी पूर्व का यह अद्भुत शिवलिंग, स्थानीय मजदूरों द्वारा रेत निकालने के दौरान, खानपोरा, बारामूला स्थित सेना शिविर के पास झेलम नदी से प्राप्त हुआ था. यह महत्वपूर्ण खोज ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डालती है.

### तीन करोड़ पैंतीस लाख की एमडी ड्रग्स बरामद

**जैसलमेर.** राजस्थान में जैसलमेर के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक स्कार्पियो गाड़ी से 336 4 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया है और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि जैसलमेर रेलवे स्टेशन के पास दो लोग एक स्कॉर्पियो गाड़ी में अवैध ड्रग्स लेकर जा रहे हैं. इस पर पुलिस दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के पास नाकाबंदी की और एक स्कार्पियो गाड़ी आती दिखी तो उसे रुकवाने का प्रयास किया.

### बम से उड़ाने की धमकी देने वाला हिरासत में

**नागपुर.** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी फोन से देने वाले एक युवक को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. यह धमकी हेल्पलाइन नंबर 112 पर एक कॉल से दी गई थी. फोन करने वाले ने कहा था कि गडकरी के आवास को दस मिनट के भीतर बम विस्फोट से उड़ा दिया जाएगा. धमकी मिलते ही प्रताप नगर थाने को जानकारी दी गई.

## दवा घोटाले में ईडी की जांच तेज

- छग के स्वास्थ्य विभाग में 411 करोड़ का हुआ था घोटाला
- प्रवर्तन निदेशालय की रडार पर 10 बड़े अधिकारी

**रायपुर, 03अगस्त. छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के 411 करोड़ रुपये से अधिक के दवा और रिएक्टिव घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच अब तेज होती जा रही है. ईडी अब सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन) में पदस्थ रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से पूछताछ की तैयारी में जुटी है.**

इस मामले में मुख्य आरोपी शशांक चोपड़ा समेत सात लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. ईडी ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में कुल 18 ठिकानों पर छापामारी की थी. अब एजेंसी कोर्ट से अनुमति लेकर जेल में बंद अधिकारियों और व्यापारियों से पूछताछ करेगी.

जिन वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है, उन्हें नोटिस जारी कर तलब किया जाएगा. सूत्रों के अनुसार, ईडी की रडार पर 10 बड़े अधिकारी हैं जिनमें वरिष्ठ आईएएस भीम सिंह, चंद्रकांत वर्मा, मीनाक्षी गौतम, बसंत कौशिक, डॉ. अनिल परसाई, क्षिरौंद्र रावटिया, कमलकांत पाटनवार, आनंद राव और एक भारतीय वन अधिकारी शामिल हैं. जल्द ही इनसे पूछताछ की जा सकती है. इस बीच, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा भी इस घोटाले की कड़ियाँ जोड़ने में लगी है.

## श्रीनगर हवाई अड्डे पर सेना के अधिकारी ने चार कर्मियों को पीटा

**श्रीनगर, 3 अगस्त.** श्रीनगर में हवाई अड्डे पर सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा एक निजी एयरलाइंस के चार कर्मचारियों को कथित तौर पर बुरी तरह पीटने की घटना के प्रकाश में आने के बाद एयरलाइंस ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर मामले में उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. एयरलाइंस स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि कश्मीर में तैनात एक वरिष्ठ सेना अधिकारी ने 26 जुलाई को श्रीनगर हवाई अड्डे पर उसके चार कर्मचारियों पर कथित तौर पर तब हमला बोल दिया जब उन्होंने सामान के किराए के भुगतान का अनुरोध किया. इस मामले की प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई है.

## बालाघाट को मिली ट्रेन की सौगात

### सांसद पारधी ने झंडी दिखाकर बालाघाट स्टेशन से रवाना किया ट्रेन

**बालाघाट, 3 अगस्त. केंद्र सरकार द्वारा मध्य प्रदेश को दो नई ट्रेनों की सौगात दी गई है. इनमें से एक ट्रेन प्रतिदिन चलने वाली जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस और दूसरी साप्ताहिक ट्रेन रीवा-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है. इन ट्रेनों के प्रारंभ होने से बालाघाट को भी एक बड़ी सौगात मिली है.**

यह दोनों ट्रेन बालाघाट से होकर गुजरेंगी. बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद भारती पारधी ने 03 अगस्त को इन ट्रेनों के बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्वागत किया और झंडी दिखाकर रायपुर एवं जबलपुर के लिए रवाना किया.



बालाघाट जिले को इन दोनों ट्रेनों की सौगात मिलने से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, व्यवसायियों एवं आमजन को आवागमन की अच्छी सुविधा मिलेगी और इससे जिले के विकास को गति मिलेगी. सांसद पारधी ने कहा कि गोंदिया-जबलपुर रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा और इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया है. रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य उनके कार्यकाल में ही शुरू कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले को आने वाले समय में और भी लंबी दूरी की ट्रेनों की सौगात दिलाई जाएगी. सांसद पारधी ने मध्य प्रदेश को दो नई ट्रेनों की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया है. इस अवसर पर मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य मौसम हरिनखेड़े, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, राम किशोर (नानो) कावरे एवं अन्य गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे.

## तेजस्वी यादव के ईपिक नंबर की होगी जांच

**पटना, 03 अगस्त.** बिहार में विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शनिवार को जिस ईपिक नंबर का हवाला देकर प्रारूप मतदाता सूची में नाम नहीं होने का दावा किया था, उससे जुड़े मूल दस्तावेज उपलब्ध कराने का आदेश निर्वाचन विभाग ने रविवा को दिया है. निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यादव ने जिस ईपिक नंबर (मतदाता पहचान पत्र संख्या) आरएबी 2916120 का हवाला दिया था, वह प्रारंभिक जांच में आधिकारिक रूप से निर्गत प्रतीत नहीं होती. चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार, उनका नाम मतदान केंद्र संख्या- 204 के क्रम संख्या- 416 पर दर्ज है.

## अंतरराष्ट्रीय गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी करने वाले नन्दी से की जा रही पूछताछ

**देहरादून, 03 अगस्त. सम्पूर्ण देश में ऑनलाइन साइबर आर्थिक धोखाधड़ी करने वाले एक अंतराष्ट्रीय गिरोह का मास्टर माइंड सरगना हरबिलास नन्दी उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से दबोच लिया.**

अभियुक्त के खिलाफ देश भर में 37 साइबर धोखाधड़ी के मामले गृह मंत्रालय के पोर्टल पर भी दर्ज हैं. उसके बैंक खाते में तीन करोड़ रुपए से अधिक की राशि पिछले एक माह में धोखाधड़ी से जमा हुई है. एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की काफी समय से तलाश थी. उत्तराखण्ड पुलिस की भनक पाकर काफी समय तक वह नक्सली क्षेत्र दंतेवाडा में छिपा रहा और स्थिति सामान्य प्रतीत होने पर बाहर निकलते ही एसटीएफ टीम ने दबोच लिया. उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2024 में सेना से सेवानिवृत्त सुबेदार मेजर के साथ फोरेन इन्वेस्टर कम्पनी अपोलो इंडिया प्राइवेट इक्विटी (फोर्थ), मॉरीशस लिमिटेड में ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेण्ट के नाम पर 34 लाख, 17 हजार रुपये की धोखाधडी के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था. जिसकी विवेचना के दौरान, इस गिरोह का खुलासा हुआ.

एसटीएफ के एसपी ने बताया कि अभियुक्त के बैंक खाते को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एनसीआरपी पोर्टल पर चैक किया गया तो उक्त खाते के विरुद्ध सम्पूर्ण भारत वर्ष में कुल 37 शिकायतें दर्ज होना पायी गयी है. उन्होंने बताया कि उक्त अभियुक्त को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर, आज ट्रांजिट रिमांड पर देहरादून लाया गया है, जहां उससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है.

## हज यात्रियों को भोपाल से नहीं मिलेगी सीधे फ्लाइट

- मंत्री रिजिजू को हज कमेटी ने पत्र लिख कर की मांग
- इंदौर और मुंबई से ही शुरू करेनी पड़ेगी यात्रा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 03 अगस्त. राजधानी से हज के लिए सीधे तौर पर जाने वाली फ्लाइट्स की सुविधा अब नहीं मिलेगी. हज यात्रियों को इसके लिए इंदौर और मुंबई से ही यात्रा शुरू करेनी पड़ेगी. भोपाल से हज यात्रियों को फ्लाइट्स की सुविधा मिल सके.**

इसके लिए मप्र राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिख कर मांग की है. वारसी ने



जारी किए गए पत्र में उल्लेख किया है कि जारी हज पॉलिसी-2026 के अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि निर्धारित हज पॉलिसी के बिन्दु क्रमांक 25 में 17 इम्बार्केशन पॉइंटस दर्शाए गए हैं. जिसमें भोपाल इम्बार्केशन पॉइट नहीं दर्शाया गया है.

इसी संबंध में अल्पसंख्यक कार्यमंत्रालय द्वारा आयोजित दिनांक 08 जुलाई को वीसी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी/सचिव मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी द्वारा उक्त पॉलिसी में भोपाल इम्बार्केशन पॉइंट नहीं दर्शाए जाने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा करते हुए भोपाल इम्बार्केशन पॉइंट निर्धारित करने का निवेदन किया गया. जिसके संबंध में उन्हें कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है.

### 2010 से शुरू था भोपाल पाइंट

भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी के माध्यम से जाने वाले हज यात्रियों की सुविधा हेतु हज-2010 से भोपाल इम्बार्केशन पॉइंट आरंभ किया गया था जो कि हज-2019 तक निरन्तर हज यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत आरंभ रहा. कोविड-19 की महामारी के कारण वर्ष-2020 एवं वर्ष 2021 में भारत की ओर से हज यात्रा पर भेजे जाने वाले यात्रियों हेतु सऊदी सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था. तदोपरांत हज-2023 से हज-2025 तक भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के हज यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत भोपाल इम्बार्केशन पॉइंट आरंभ रखा गया.

## गुस्ताखी माफ




**रचा नया इतिहास** | वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- अधिकांश ऐसे गरीब और वंचित वर्ग कभी बैंक की दहलीज तक नहीं पहुंचे थे

# जन धन योजना में खाताधारक 55 करोड़ के पार

**नयी दिल्ली,3 अगस्त. प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने देश में वित्तीय समावेशन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस योजना के तहत खोले गए बैंक खातों की संख्या अब 55 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इन खातों में अधिकांश ऐसे गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के हैं, जो कभी बैंक की दहलीज तक नहीं पहुंचे थे। वित्त मंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर खातों के लिए केवाईसी अपडेट अनिवार्य किया गया है। इसके तहत बैंकों ने 1 जुलाई



2025 से अभियान चलाया है, जिसमें अब तक लगभग एक लाख ग्राम पंचायतों को कवर किया जा चुका है. उन्होंने सभी खाताधारकों से शिविरों में जाकर केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, जन धन खातों में 56 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है और 21 मई 2025 तक इन खातों में कुल जमा राशि 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। साथ ही, लगभग 80 प्रतिशत खाते सक्रिय हैं, जो योजना की उपयोगिता और भरोसे को दर्शाते हैं.

वित्तीय समावेशन पर आयोजित हालिया सेमिनार में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने इस योजना को देश के बैंकिंग इतिहास में एक 'टर्निंग पॉइंट' करार दिया। उन्होंने कहा कि पीएमजेडीवाई ने वयस्कों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों को नई दिशा दी है और यह विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुका है.

वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में तीन करोड़ नए खाते खोलने का लक्ष्य रखा गया है। मार्च 2015 में जहां प्रति खाता औसत बैलेंस 1,065 रुपये था, वहीं अब यह बढ़कर 4,352 रुपये हो गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, मनरेगा की मजदूरी, उज्ज्वला योजना की सब्सिडी और कोविड राहत राशि जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा इन खातों के माध्यम से मिला है.

## खदान हादसे में छह की मौत

- आंध्रप्रदेश में खदान में चट्टान ढहने से 10 घायल
- पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे : एसपी

**बापटला (आंध्र प्रदेश). रविवार सुबह बापटला जिले के बल्लीकुरवा स्थित सत्यकृष्ण ग्रेनाइट खदान में दर्दनाक हादसा हो गया, जब खदान में एक विशाल चट्टान का हिस्सा अचानक ढह गया. हादसे में ओडिशा के रहने वाले छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दस अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए.**

घायलों को तत्काल नरसारावपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है. मौके पर राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है. अब तक चार शवों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है, जबकि दो शवों को निकालने का प्रयास जारी है. बापटला के एसपी तुषार डूडी ने घटनास्थल का दौरा कर राहत कार्यों की निगरानी की.

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि खदान में पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे, जो हादसे की वजह बने. मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर गहरी चिंता जताते हुए जांच के आदेश दिए हैं और अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.